ओम्

'गुरूकुल पौन्धा, देहरादून का 3 दिवसीय 14हवां वार्षिकोत्सव'

30-31 मई व 1 जून 2014 / सभी सादर सप्रेम आमंत्रित

श्रीमद्दयानन्द आर्ष ज्योतिर्मठ गुरूकुल, पौन्धा, देहरादून का 14हवां 3 दिवसीय वार्षिकोत्सव **30 मई, 2014 से 1 जून, 2014** तक आयोजित किया गया है। गुरूकुल उत्सव का मुख्य आकर्षण **यजुर्वेद पारायण यज्ञ** तथा आर्य समाज के शीर्ष विद्वानों के प्रवचन हैं। श्रोताओं को यहां वैदिक विद्वानों के विद्वतापूर्ण प्रवचन सुनने को मिलेगें जो अन्यत्र दुर्लभ हैं। प्रवचन सुनकर जीवन सफल हुआ सा प्रतीत होता है। उत्सव के पहले दो दिन डा. सोमदेव शास्त्री के ब्रह्मत्व में प्रातः 7:00 बजे से यज्ञ होगा। गुरूकुल के ब्रह्मचारी यजुर्वेद के मन्त्रों का पाठ करेगें। यज्ञ के पश्चात आर्य जगत के उच्च कोटि के भजनोपदेशक पं. ओम् प्रकाश वर्मा, श्री सत्पाल पथिक तथा श्री सत्यपाल सरल आदि के भजन होगें। भजन के पश्चात विद्वानों के प्रवचन व बीच-बीच में भजन का क्रम चलेगा। प्रातःकालीन सत्र यज्ञ के बाद समाप्त होगा। लगभग आधे घण्टे बाद भजन व प्रवचनों का कार्यक्रम आरम्भ होगा जो लगभग 12:30 बजे तक चलेगा। अपरान्ह सायं 3:30 बजे पुनः यज्ञ होगा जिसके अनन्तर भजन व प्रवचन होगें तथा सामूहिक सन्ध्या होगी। रात्रि में भी प्रवचनों व भजनों का कार्यक्रम होगा। रविवार 1 जून को यज्ञ की पूर्णाहुति सम्पन्न होगी। भजन व प्रवचन होगें तथा सामूहिक प्राति भोज वा ऋषि लंगर के बाद ब्रह्मचारियों की क्रीड़ायें होगी। इस अवसर पर गुरूकुल परिसर में दुर्लभ पुस्तकों के स्टाल भी लगेंगे। यज्ञ कुण्ड व अन्य उपयोगी सामान तथा ओषधियां आदि खरीदी जा सकती हैं।

देश भर से आर्य जनता व स्थानीय लोग उत्सव में सोत्साह सम्मिलित होते हैं। गुरूकुल की ओर से सभी बन्धुओं को आयोजन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। सभी से प्रार्थना है कि उत्सव में यथासुविधा पधारने का कष्ट करें।

मनमोहन कुमार आर्य
देहरादून।

डा. धनंजय आर्य
गुरूकुल पौंधा, देहरादून।
फोनः 9411106104